ऑनलाइन संस्कृत प्रशिक्षण केन्द
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

प्रकाशनार्थ

सेवा में,

प्रधान सम्पादक

वाराणसी।

प्रवेश सूचना - वर्ष २०२५

ऑनलाइन संस्कृत प्रशिक्षण केन्द्र, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष २०२५ में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पोर्टल दिनांक २४.१२.२०२४ से ३१.०१.२०२५ तक खोले गये हैं। उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अनुदानित इस केन्द्र में १० विषयों में क्रमशः डिप्लोमा उपाधियाँ प्रदान की जाती हैं। इस समय सभी विषयों के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश खोले गए हैं जिनमें सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का शुल्क मात्र रू० २०००/- है। वार्षिक डिप्लोमा में कुल १८० कक्षाएँ संचालित की जाती हैं। वर्ष २०२४ में राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री माननीय श्री योगेन्द्र उपाध्याय जी के द्वारा लोकार्पित इस केन्द्र में त्रैमासिक एवं षाण्मासिक प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम तथा वार्षिक डिप्लोमा के पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। इस केन्द्र की विशेषता यह है कि बिना किसी पूर्व योग्यता के कोई भी व्यक्ति दुनिया के किसी भी कोने से ऑनलाइन माध्यम से इसमें प्रवेश प्राप्त कर सकता है तथा कक्षाएँ, परीक्षाएँ एवं प्रमाणपत्र आदि समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन ही सम्पादित की जाती है। केन्द्र के निदेशक प्रो० रमेश प्रसाद ने अवगत कराया कि अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लाइव कक्षाओं का समय सायंकाल ०६:०० से रात्रि १०:०० के मध्य रखा जाता है एवं अधिकृत ऐप के माध्यम से अपनी सुविधानुसार अभ्यर्थी कक्षाओं का अवलोकन पाठ्यक्रम की अवधि में कभी भी कर सकते हैं। कक्षाएँ हिन्दी भाषा में एवं सरल मानक संस्कृत भाषा में अभ्यर्थियों की बोधगम्यता को ध्यान में रखते हुए संचालित की जाती हैं। विषय विशेषज्ञ के रूप में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अधिकृत अध्यापकों को नामित किया गया है जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के विद्वानों के व्याख्यान से अध्येताओं को लाभान्वित किया जाता है। ध्यातव्य है कि सम्प्रति केन्द्र में देश-विदेश के १५०० से अधिक अभ्यर्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों में पंजीकृत हैं एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध आयामों से घर बैठे ही परिचित हो रहे हैं। केन्द्र के निदेशक महोदय ने यह भी बताया कि अभ्यर्थियों की मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद् ने वर्तमान सत्र में पालि, प्राकृत के विषयों को भी समाहित किया है। साथ ही अभ्यर्थियों के सुझाव के आलोक में सभी पाठ्यक्रमों को नया रूप भी प्रदान किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि २०२४ सत्र की डिप्लोमा की परीक्षाएँ जनवरी माह में प्रस्तावित हैं एवं प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रमों के अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र दिसम्बर माह के अन्तिम सप्ताह से प्रेषित किए जाने की योजना है। केन्द्र के निदेशक प्रो० रमेश प्रसाद, विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री राकेश कुमार एवं उपनिदेशक डॉ० मधुसूदन मिश्र ने इस केन्द्र से जुड़ने हेतु अभ्यर्थियों का आवाहन किया है। जिज्ञासु अभ्यर्थी केन्द्र के अधिकृत वेबसाइट https://ssvvostc.ac.in/ के माध्यम से पाठ्यक्रम एवं प्रवेश की सूचनाएँ प्राप्त कर सकते हैं तथा किसी भी जिज्ञासा हेतु कार्यदिवस में प्रातः ११:०० से रात्रि ०८:०० पर्यन्त केन्द्र के अधिकृत मो० न० ७६६१८३३१५५ पर सम्पर्क कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के द्वारा इस तरह के अभिनव प्रकल्प में आम जनमानस की रूचि से उत्तर प्रदेश शासन एवं विश्वविद्यालय अत्यन्त उत्साहित है एवं मंदिर प्रबन्धन तथा कथा प्रवीण जैसे पाठ्यक्रमों को भी प्रारम्भ करने की योजना प्रस्तावित है।

(डॉ० मधुसूदन मिश्र)
उपनिदेशक

22.12.24
(प्रो० रमेश प्रसाद)
निदेशक

Mob : 7991833155
E-mail : ostcssvv@gmail.com
Website : ssvvostc.ac.in

निदेशक
प्रो. रमेश प्रसाद

प्रवेश प्रारम्भ

नामांकन

प्रारंभ तिथि 24-12-2024

अंतिम तिथि : 31-01-2025

वर्ष 2024 में 1500 से अधिक अभ्यर्थी लाभान्वित।

विशेष

नामांकन, प्रवेश, कक्षा, परीक्षा आदि सभी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होंगी।

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय

ऑनलाइन संस्कृत प्रशिक्षण केन्द्र

डिप्लोमा पाठ्यक्रम

- कर्मकाण्ड
- वेद
- अर्चक
- ज्योतिष एवं कुण्डली विज्ञान
- वास्तु विज्ञान
- भाषा शिक्षण
- योग
- दर्शन
- वेदान्त
- व्याकरण
- पालि
- प्राकृत

Why Choose Us

- Class timing (6:00PM -10:00PM)
- Live classes on ssvv online App & zoom
- Recognized faculties
- e-Learning contents
- skill based courses
- This university as a pillar of Sanskrit studies for more than 234 years

प्रवेश शुल्क

त्रैमासिक - ₹ 1000/-

षाण्मासिक - ₹ 1500/-

वार्षिक - ₹ 2000/-

विशेष

बिना किसी पूर्व योग्यता के प्रवेश की सुविधा

संरक्षक

प्रो. बिहारी लाल शर्मा

मानननीय कुलपति

Visit Us

www.ssvvostc.ac.in

Contact : 7991833155

E-mail : ostcssvv@gmail.com